**प्रेस विज्ञप्ति**

# वैश्विक पवन दिवस: इरेडा के सीएमडी ने पवन ऊर्जा अपनाने के लिए नवीन वित्तपोषण समाधानों के बारे में जोर दिया




नई दिल्ली, 15 जून 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने वैश्विक पवन दिवस समारोह - पवन-ऊर्जा: भारत के भविष्य को सशक्त बनाना के भाग के रूप में "भारत में तटीय पवन ऊर्जा अपनाने में तीव्रता लाना" विषय पर एक पैनल चर्चा में भाग लिया। यह कार्यक्रम आज नई दिल्ली के ललित में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।

इस चर्चा के दौरान, श्री दास ने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की और ईपीसी, निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, गारंटी सहायता योजनाओं जैसेकि लेटर ऑफ कम्फर्ट और ऑर्डर इंस्ट्रूमेंट्स पर भुगतान के लिए परियोजना विशिष्ट फंडिंग जैसे नवीन वित्तीय उत्पादों के माध्यम से देश के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, जोकि परियोजना डेवलपर्स को परियोजना के विकास के लिए समग्र लगनेवाली समय को कम करने के लिए एक-स्टॉप समाधान प्रदान करती है ।




उन्होंने देश में सबसे बड़ी विशुद्ध ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी के रूप में इरेडा के योगदान पर जोर दिया, जोकि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना स्थापना और विकास की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को लागत प्रभावी वित्तपोषण प्रदान करती है। श्री दास ने वित्तपोषण सुविधाओं की शीघ्रता से मंजूरी और समय पर संवितरण के

माध्यम से वित्तपोषण लागत में समग्र कमी लाने की दिशा में इरेडा के सतत प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को जल्दी चालू किया जा सके और आईडीसी में कमी और शुरुआती राजस्व प्रवाह के परिणामस्वरूप वित्तपोषण लागत के बारे में स्वतः कमी आए।

इरेडा की सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट प्रशासन प्रणालियों पर प्रकाश डालते हुए, सीएमडी ने पिछले चार वर्षों में नेट एनपीए में 7.18% से लेकर 0.99% तक की अनुकरणीय कमी को रेखांकित किया। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग के प्रतिभागियों को भारत में नवीकरणीय ऊर्जा विकास में इष्टतम जोखिम कम सुनिश्चित करने के लिए पद्धति और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री दास ने स्थायी कॉर्पोरेट प्रशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, और ऐसे अभिनव समाधान पेश किए जोकि पहले से ही देश में नवीकरणीय ऊर्जा और पवन ऊर्जा के समग्र विकास के लिए वित्तपोषण के क्षेत्र में इरेडा की ओर से एक बेंचमार्क साबित हुए हैं।